'मेरा मुख्य एजेंडा पावरप्ले में आक्रमण करना था क्योंकि मैं हमेशा पगबाधा आउट करने की कोशिश करता हूं... बाउंड्री लगे या नहीं, मेरी मानसिकता विकेट लेने की होती है।''- - मावी

भारतीय गेंदबाज, श्रीलंका के विरुद्ध खेले गये मैच के बारे में

खेल जगत

आज का खिलाड़ी



युकी भांबरी

युकी भांबरी ने युगल वर्ग पर फोकस करने के लिये एकल टेनिस को अलविदा कह दिया है। एक समय पर शीर्ष 50 में जगह बनाने के दावेदार माने जा रहे 28 वर्ष के युकी टेनिस कैरियर को विस्तार देने के लिये एकल छोडने वाले सानिया मिर्जा के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। चोटों से परेशान युकी ने कुछ समय पहले ही मन बना लिया था कि अब वह सिर्फ युगल खेलेंगे। उन्होंने पीटीआई से बातचीत में कहा,'' मैने एकल कैरियर में अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ कोशिश की और मुझे कोई मलाल नहीं हैं। शायद मेरी किस्मत खराब थी, चीजें गलत थी। मुझे नहीं पता। मुझे कोई मलाल नहीं है ।

क्या आप जानते हैं ?... गोल्फ एकमात्र ऐसा खेल है जिसे चांद पर भी खेला गया है। 6 फरवरी 1971 को एलन शेफर्ड नाम के अंतरिक्ष यात्री ने चन्द्रमा पर गोल्फ के दो स्ट्रोक खेले।

सीरीज में अजेय बढ़त बनाने उतरेगा भारत

पुणे, 4 दिसंबर। हार्दिक पांड्या की भारतीय टीम गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ दूसरा टी20 जीतकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाना चाहेगी।

पांड्या ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में 'नये दृष्टिकोण' के साथ भारत की अगुवाई करने का इरादा बनाया है और यहां एमसीए स्टेडियम पर आक्रामक तरीके से जीत दर्ज करना इस दिशा में एक अच्छी शुरुआत होगी। पांड्या के पास यह जीत हासिल करने के लिये एक युवा तेज गेंदबाजी आक्रमण है, जिसके सबसे अनुभवी गेंदबाज छह माह पहले पदार्पण करने वाले अर्शदीप सिंह हैं।

पहले टी20 में हालांकि यह बात भारत के लिये चिंता का कारण नहीं बनी और पांड्या की टीम ने अर्शदीप के बिना भी 162 रन के स्कोर की रक्षा सफलतापूर्वक कर ली। बुखार के कारण मैच से बाहर रहने वाले अर्शदीप की जगह भारत ने शिवम मावी को मैदान पर उतारा। मावी ने अपने चार ओवरों 22 रन देकर चार विकेट लेते हुए टीम प्रबंधन के इस फैसले को सही साबित किया। मावी के साथी उमरान मलिक अक्सर महंगे साबित हुए हैं लेकिन मुंबई में उन्होंने भी अपने चार ओवरों में सिर्फ 27 रन देकर दो सफलताएं हासिल कीं। दूसरे टी20 में अर्शदीप की वापसी इन दोनों युवाओं को संबल प्रदान करेगी।

भारत को हालांकि बल्लेबाजी के मोर्चे पर आत्मनिरीक्षण करना होगा। भारत ने मुंबई में पहले ओवर में 17 रन जोडे, लेकिन इसके बाद सभी बल्लेबाज 'आक्रामक रुख' अपनाने की कोशिश में अपना विकेट गंवाते चले गये। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे दीपक हुड्डा ने आखिरकार 23 गेंदों पर 41 रन की विस्फोटक पारी खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। ऊपरी क्रम को टीम को मजबूत शुरुआत देने की जरूरत है, हालांकि बल्लेबाजी में गहराई होने के कारण उनके पास जोखिम उठाने की सुविधा होगी।

दूसरी ओर, पहले टी20 में श्रीलंका की बल्लेबाजी ने भी उन्हें कई सवालों के जवाब तलाशने के लिये मजबूर कर दिया। मुंबई के वानखेडे स्टेडियम की पिच दूसरी पारी में ओस के कारण बल्लेबाजों के लिये ज्यादा कारगर साबित होती है, लेकिन श्रीलंकाई बल्लेबाज इस विकेट पर 162 रन का मामूली स्कोर भी हासिल नहीं कर सके। दसुन शनाका और चमिका करुणारत्ने ने अंत में तेज बल्लेबाजी की मगर श्रीलंका जीत से दो रन दूर रह गयी। श्रीलंका को सीरीज में जीवित रखने के लिये पथुम निसंका, कुसल मेंडिस और धनन्जय डी सिल्वा जैसे बल्लेबाजों से सुसज्जित बल्लेबाजी क्रम को प्रदर्शन करना होगा। श्रीलंका ने भारत को उसी के घर में छह साल से नहीं हराया है, हालांकि भारतीय सरजमीन पर उनकी आखिरी जीत 2016 में पुणे के इसी मैदान पर आयी थी। श्रीलंका को उम्मीद होगी कि वह गुरुवार को इस नतीजे को दोहराकर सीरीज 1-1 से बराबर कर सके।

मेदवेदेव एडीलेड इंटरनेशल के क्वार्टर फाइनल में

एडीलेड, 4 जनवरी । दानिल मेदवेदेव ने बुधवार को यहां मियोमिर केसमानोविच के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ एडीलेड इंटरनेशल टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी मेदवेदेव ने सर्बिया के खिलाड़ीको 6-0, 6-3 से हराया। मेदवेदेव की मियोमिर के खिलाफ तीन मैच में यह तीसरी जीत है। तीसरे वरीय और दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ीमेदवेदेव क्वार्टर फाइनल में रूस के हमवतन कारेन खचानोव से भिडेंगे। पिछले साल अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले खचानोव ने ब्रिटेन के जैक ड्रैपर को 6-4, 6-2 से हराया। इस एटीपी-डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट के महिला वर्ग में दूसरी वरीय एरिना सबालेंका ने दो घंटे और 15 मिनट चले कडे मुकाबले में लुइडमिला सैमसोनोवा को 7-6 (8) 7-6 (3) से हराया। फ्रेंच ओपन 2019 के फाइनल में जगह बनाने वाली मार्केटा वोंद्रोसोवा ने काइया कानेपी को 6-0, 6-4 से बाहर का रास्ता दिखाया।

दूसरे टी-20 के लिये अर्शदीप फिट, सैमसन अनफिट

पुणे, 4 जनवरी। भारतीय युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह श्रीलंका के खिलाफ होने वाले दूसरे टी20 में चयन के लिये फिट हैं, जबकि उनकी टीम के साथी संजू सैमसन घुटने में चोट लगने के कारण मुकाबले से बाहर रह सकते हैं।

क्रिकेट समाचार वेबसाइट क्रिकबज़ ने बुधवार को सूत्रों के हवाले से बताया कि विकेटकीपर बल्लेबाज सैमसन टीम के साथ पुणे जाने के बजाय मुंबई में ही रुके हैं, जहां उनके घुटने की जांच होगी। सैमसन ने मुंबई में मंगलवार को हुए पहले टी20 मुकाबले में कैच पकडने के प्रयास में छलांग लगायी थी। उन्होंने पहले प्रयास में गेंद को पकड़ लिया, हालांकि जोर से गिरने के कारण गेंद उनके हाथ से छूट गयी। उन्होंने इसके बाद भी मैच में फील्डिंग करना जारी रखा लेकिन बाद में घुटने में सूजन होने के कारण उन्हें मेडिकल सलाह लेने को कहा गया।

क्रिकबज ने कहा कि सैमसन का दूसरे टी20 में खेलना मेडिकल जांच और टीम प्रबंधन के फैसले पर निर्भर करेगा।

इसी बीच, सूत्रों ने बताया कि बुखार के कारण पहले टी20 से बाहर रहने वाले अर्शदीप चयन के लिये उपलब्ध हैं। अर्शदीप की गैरमौजूदगी में भारत ने पहले मुकाबले में शिवम मावी को खिलाया था, जिन्होंने अपने पदार्पण को यादगार बनाते हुए चार ओवर में 22 रन देकर चार विकेट लिये थे।

अर्शदीप का फिट होना टीम प्रबंधन के लिये चयन दुविधाओं का कारण बन सकती है। भारतीय गेंदबाजों ने मैच में अच्छा प्रदर्शन किया और 162 के स्कोर का बचाव करने में सफल रहे। मावी के अलावा युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक ने भी अपने चार ओवरों में दो सफलताएं हासिल करते हुए सिर्फ 27 रन दिये थे, हालांकि हर्षल पटेल (चार ओवर, 41 रन, दो विकेट) अपेक्षाकृत महंगे साबित हुए थे।

ऋषभ पंत को मुंबई लाया गया

नयी दिल्ली, चार जनवरी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को कहा कि स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत 'लिगामेंट की चोट की सर्जरी कराने के लिए पूरी तरह तैयार हैं' जिसके कारण वह अनिश्चित काल के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हो जाएंगे।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने प्रेस विज्ञिप्त में कहा कि पंत को देहरादून के एक अस्पताल से एयरएंबुलेंस में मुंबई ले जाया गया है जहां घुटने और टखने के लिगामेंट की चोट के लिए उनका व्यापक उपचार होगा। पंत को 30 दिसंबर को कार दुर्घटना में चोटें लगी थी। बीसीसीआई ने पंत को एयर एंबुलेंस से मुंबई ले जाने का फैसला किया क्योंकि वह किसी व्यावसायिक एयरलाइन से उडान भरने की स्थिति में नहीं थे।

शाह ने विज्ञिप्त में कहा, ''30 दिसंबर को एक कार दुर्घटना के बाद मैक्स अस्पताल, देहरादून में इलाज करा रहे ऋषभ को एयर एंबुलेंस में मुंबई लाया जाएगा।''

जैसा कि पीटीआई ने पहले बताया था पंत का इलाज प्रसिद्ध खेल ऑर्थोपेडिक सर्जन दिनशॉ परदीवाला करेंगे। शाह ने कहा, ''उन्हें कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल और चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में भर्ती कराया जाएगा और अस्पताल में सेंटर फॉर स्पोर्ट्स मेडिसिन के प्रमुख और ऑर्थोस्कोपी एंड शोल्डर सर्विस के निदेशक डॉ. दिनशॉ परदीवाला की सीधी निगरानी में उनका इलाज होगा।''

उन्होंने कहा, ''ऋषभ की लिगामेंट की चोट के लिए सर्जरी होगी और उन्हें बाद की प्रक्रियाओं से गुजरना होगा। उनके उबरने और रिहैबिलिटेशन के दौरान बीसीसीआई की चिकित्सा टीम उनका ध्यान रखेगी।''

शाह ने कहा, ''बोर्ड ऋषभ की उबरने की प्रक्रिया में सहायता और तेजी लाने के लिए हर संभव प्रयास करेगा और इस अवधि के दौरान उसे हर संभव सहायता प्रदान करेगा।'' पच्चीस साल के पंत एक भयानक

कार दुर्घटना में बाल-बाल बच गए थे जब वह दिल्ली से अपने गृहनगर रुडकी जा रहे थे लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग 58 पर नियंत्रण खो बैठे और उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई। पंत के माथे पर चोट के निशान थे, पीठ में गंभीर चोट के साथ-साथ उनके घुटने और टखने में चोट लगी। अधिकांश चोटें हल्की थी लेकिन टखने और घुटने की चोट चिंताजनक है। हालांकि बीसीसीआई से एक केंद्रीय अनुबंधित क्रिकेटर होने के कारण उनकी चोट का इलाज बोर्ड का विशेषाधिकार है। उनके घायल घुटने और टखने का एमआरआई नहीं किया जा सका क्योंकि काफी सूजन थी।

हालांकि यह समझा जाता है कि केंद्रीय अनुबंधित क्रिकेटर के लिए किसी भी खेल संबंधी चोट का उपचार बीसीसीआई के तय डॉक्टरों द्वारा किया जाएगा और डॉ नितिन पटेल के नेतृत्व में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में खेल और चिकित्सा विज्ञान टीम की देखरेख में रिहैबिलिटेशन होगा।

पंत अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला और लुभावनी इंडियन प्रीमियर लीग में नहीं खेल पाएंगे।

ऑस्ट्रेलिया के दो विकेट पर 147 रन

सिडनी, चार जनवरी। मार्नस लाबुशेन और उस्मान ख्वाजा के अर्धशतक से ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के खराब मौसम से प्रभावित पहले दिन बुधवार को यहां दो विकेट पर 147 रन बनाए।

लाबुशेन (79) और ख्वाजा (नाबाद 54) ने दूसरे विकेट के लिए 135 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया ने दिन की आखिरी गेंद पर लाबुशेन का विकेट गंवाया जिन्होंने एनरिच नोर्किया (26 रन पर दो विकेट) की गेंद पर विकेटकीपर काइल वेरेन को कैच थमाया।

पहले दिन तीन घंटे से अधिक का खेल खराब मौसम की भेंट चढ गया। तीसरे सत्र में दोबारा शुरू शुरू होने पर सिर्फ चार ओवर फेंके जा सके और इस दौरान नोर्किया ने लाबुशेन को विकेटकीपर के हाथों कैच कराया। अंपायरों ने इसके बाद खराब रोशनी और बारिश के कारण खेल रोक दिया जो दोबारा शुरू नहीं हो पाया।

दूसरे सत्र में दो करीबी फैसले हालांकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गए। ख्वाजा को लंच के बाद साइमन हार्मर की दूसरी ही गेंद पर मैदानी अंपायर ने पगबाधा दे दिया लेकिन डीआरएस लेने पर पता चला कि गेंद ग्लव्स से छूने के बाद पैड से टकराई थी। मैदानी अंपायर को इसके बाद अपना फैसला बदलना पडा।

लाबुशेन भी भाग्यशाली रहे जब मार्को जेनसन की गेंद पर हार्मर ने पहली स्लिप में उनका कैच पकडा। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हालांकि क्रीज पर खडा रहा और टीवी अंपायर ने काफी देर तक रीप्ले देखने के बाद फैसला किया कि गेंद स्लिप के क्षेत्ररक्षक के हाथों में पहुंचने से पहले जमीन से छू गई थी। लाबुशेन ने इससे पहले कागिसो रबादा पर चौके के साथ 98 गेंद में अपना 14वां टेस्ट शतक पूरा किया। ख्वाजा ने इस पारी के दौरान 56 मैच में चार हजार टेस्ट रन पूरे किए और फिर 113 गेंद में अर्धशतक जडा। दूसरे सत्र में ड्रिंक्स ब्रेक के बाद खराब रोशनी के कारण खेल रोकना पडा। अंतिम सत्र के दौरान तेज बारिश की आशंका है जिससे मैच में और विलंब हो सकता है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से क्लीनस्वीप करने और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह लगभग पक्की करने की कवायद में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन नोर्किया ने पारी के चौथे ओवर में ही डेविड वार्नर (10) का आउट किया जिन्होंने स्लिप में जेनसन को कैच थमाया।

खिलाड़ी वनडे क्रिकेट खेलें, भले आईपीएल से ले ब्रैक: गंभीर



कोलकाता, 4 जनवरी। पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर ने इस साल होने वाले एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए कहा है कि भारत के प्रमुख खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा एकदिवसीय (वनडे) क्रिकेट खेलना चाहिये, भले ही उन्हें आईपीएल में टी20 से ब्रेक लेना पडे।

गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम 'रोड टू वर्ल्ड कप ग्लोरी' पर कहा, इस साल वनडे पर जरूर ध्यान देना चाहिये। तीन से ज्यादा प्रारूप खेलने वाले खिलाड़ी अगर ब्रेक लेना चाहें तो टी20 क्रिकेट से ब्रेक ले सकते हैं, लेकिन वनडे फॉर्मेट से तो बिल्कुल नहीं। उन्हें एक साथ खेलना है। मुझे लगता है कि पिछले दो विश्व कप में भारतीय क्रिकेट ने सबसे बडी गलती यह की है कि इन लोगों ने एक साथ पर्याप्त क्रिकेट नहीं खेला।

गंभीर ने कहा, मुझे बताओ कि हमने मैदान में कितनी बार सर्वश्रेष्ठ एकादश उतारी है? हमने ऐसा नहीं किया, केवल विश्व कप के दौरान हमने सर्वश्रेष्ठ एकादश रखने का फैसला किया, लेकिन दुर्भाग्य से वह कभी भी सर्वश्रेष्ठ एकादश नहीं रही। इसलिए इन खिलाड़ियों को पर्याप्त सीमित ओवर क्रिकेट खेलनी होगी, खासकर 50 ओवरों के विश्व कप के लिये, भले ही वे टी20 या फिर आईपीएल से ब्रेक लेना चाहते हों। ब्रेक टी20 प्रारूप में होना चाहिये न कि 50 ओवरों के एकदिवसीय मैच में। अगर फ्रेंचाइजी को नुकसान उठाना पडता है तो यह भी मंजूद है।

गौरतलब है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक जनवरी को हुई समीक्षा बैठक में यह फैसला लिया था कि राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) आईपीएल टीमों के साथ मिलकर काम करेगी और भारत के प्रमुख खिलाड़ियों की फिटनेस की निगरानी करेगी।

गंभीर ने कहा, भारतीय क्रिकेट मुख्य हितधारक है, आईपीएल नहीं। आईपीएल सिर्फ एक उत्पाद है। अगर भारत बाहर जाता है और विश्व कप जीतता है, तो यह बड़ी उपलब्धि होगी। उदाहरण के लिये अगर कोई महत्वपूर्ण खिलाड़ी आईपीएल के कुछ मैच छोड़ देता है तो यह ही सही, क्योंकि आईपीएल हर साल होता है और विश्व कप चार साल में एक बार होता है। इसलिए मुझे लगता है कि विश्व कप जीतना आईपीएल जीतने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

गंभीर ने एकदिवसीय विश्व कप में भारतीय टीम के चयन को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि बीसीसीआई को सबसे पहले ऐसे खिलाड़ियों को चुनने की जरूरत है जो बेबाकी के साथ खेल सकते हैं। उन्होंने कहा कि एकदिवसीय क्रिकेट में हर तरह के खिलाड़ीकी जरूरत होगी, ऐसे खिलाड़ियों की भी जो पिच पर टिककर खेल सकते हैं।

विश्व कप 2011 जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे गंभीर ने कहा, (पिछले कुछ वर्षों में) खिलाड़ियों की भूमिका बदलने से खेल पर प्रभाव पड़ा है। मुझे हमेशा लगता है कि जब हम इस 'नये रवैये' के बारे में बात करते हैं, तो आपको ऐसे खिलाड़ियों की पहचान करनी होगी जो उन भूमिकाओं या उस खाके को बहुत आसानी से अपना सकते हैं। कुछ लोग उस खाके के अनुकूल नहीं खेल सकते, इसलिये उन्हें एक निश्चित तरीके से खेलने के लिये धकेलने के बजाय सही खिलाड़ियों की पहचान करना और साथ ही टीम में सही मिश्रण हासिल करना बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि विराट कोहली, रोहित शर्मा और वे सभी खिलाड़ीजो विकेट पर टिक सकते हैं और स्पिन को वास्तव में अच्छी तरह से खेल सकते हैं, वह आने वाले विश्व कप में बडी भूमिका निभाएंगे। इसी बीच, पूर्व भारतीय क्रिकेटर और चयनकर्ता समिति के अध्यक्ष कृष्णमाचारी श्रीकांत ने कहा कि भारत को जल्द से जल्द विश्व कप टीम को एक रूप दे देना चाहिये।

श्रीकांत ने कहा, मुझे लगता है कि जैसे ही ऑस्ट्रेलिया शृंखला (फरवरी-मार्च) समाप्त हो जाती है, तब तक योजना बनायें कि यह मेरी सर्वश्रेष्ठ टीम है। अगर मैं चयन समिति का अध्यक्ष होता तो मैं कहता कि यह मेरे 15 खिलाड़ी हैं। मैं उनकी फॉर्म देखता और फिर आईपीएल के बाद कुछ छोटे-मोटे बदलाव करता। मैं एशिया कप तक यह सोचकर इंतजार नहीं कर सकता कि इस एशिया कप के बाद मैं टीम का चयन करूंगा।

उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया सीरीज समाप्त होते ही हमें खिलाड़ियों को यह बताना होगा कि आप लोग विश्व कप खेलने जा रहे हैं। आओ, आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करो, वहां अपना फॉर्म बनाये रखो। यह सुनिश्चित करो कि आपकी फिटनेस शानदार रहे। अगर मैं चयन समिति का अध्यक्ष होता तो मैं यही करता।

प्रणय, सिंधु करेंगे एशिय चैंपियनशिप में भारत की अगुवाई

नयी दिल्ली, 4 जनवरी। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पीवी सिंधु और विश्व के नंबर आठ शटलर एचएस प्रणय 14 से 19 फरवरी तक दुबई में होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारतीय दल की अगुवाई करेंगे। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी। बीएआई ने एक बार फिर शीर्ष खिलाडियों को सीधे चुनने और बाकी टीम के लिये ट्रायल आयोजित करने की प्रणाली का पालन किया। वर्ष 2021 में एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के पिछले संस्करण को कोविड महामारी के कारण रद्द करना पडा था और भारतीय खिलाडी यह दिखाने के लिये उत्सुक होंगे कि वे 2019 से कितने बेहतर हो गये हैं। प्रणय के अलावा लक्ष्य सेन टीम के दूसरे पुरुष एकल खिलाडी होंगे जबकि आकर्षि कश्यप महिला एकल की अतिरिक्त खिलाडी होंगी। फ्रेंच ओपन जीतने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोडी को पुरुष युगल में कृष्ण प्रसाद जी और विष्णुवर्धन गौड़ का साथ मिलेगा। ऑल इंग्लैंड ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी महिला युगल का मोर्चा संभालेगी, जबकि अश्विनी भट और शिखा गौतम की जोड़ी उनका बैकअप होगी।

बीएआई के सचिव संजय मिश्रा ने टीम के चयन पर कहा, हमने एक बहुत मजबूत टीम चुनी है जो किसी भी शीर्ष राष्ट्र को हराने की क्षमता रखती है। हमारी पुरुष टीम ने पिछले साल थॉमस कप के दौरान दिखाया था कि जब वे अपनी लय पाते हैं तो क्या होता है और मुझे विश्वास है कि यह टीम पोडियम पर भी जगह बना सकती है। ऑल इंग्लैंड ओपन के सेमी गायत्री गोपीचंद और ट्रीसा जॉली मुख्य महिला युगल जोड़ी होंगी, जबकि ईशान भटनागर और तनीषा कास्त्रो के मिश्रित युगल की जिम्मेदारी लेने की उम्मीद है।

भारतीय टीम : लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय (पुरुष एकल), पीवी सिंधु और आकर्षि कश्यप (महिला एकल), सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी, कृष्ण प्रसाद गर्ग और विष्णुवर्धन गौड़ पी (पुरुष युगल), त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद, अश्विनी भट और शिखा गौतम (महिला युगल), ईशान भटनागर और तनिषा क्रास्टो (मिश्रित युगल)

सरफराज के शतक ने मुंबई को दिलाई विशाल बढ़त

मुंबई, 4 जनवरी। मुंबई ने सरफराज खान (162) के जुझारू शतक के दम पर रणजी ट्रॉफी के ग्रुप-बी मुकाबले की पहली पारी में बुधवार को तमिलनाडु पर 337 रन की विशाल बढ़त बना ली। मुंबई ने ऑलआउट होने से पहले 481 रन बनाये, जबकि तमिलनाडु ने दूसरे दिन स्टंप्स तक एक विकेट के नुकसान पर 62 रन बना लिये।

तमिलनाडु को पहली पारी में 144 रन पर ऑलआउट करने के बाद मुंबई ने अपने छह विकेट 161 रन पर गंवा दिये थे, लेकिन सरफराज के शतक ने मैच का रुख पलट दिया। सरफराज ने 220 गेंदों पर 19 चौके और एक छक्का लगाकर 162 रन बनाते हुए तनुष कोटियान (71) के साथ सातवें विकेट के लिये 167 रन की साझेदारी की। कोटियान ने 114 गेंदों की अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। सरफराज-कोटियान के आउट होने के बाद 10वें नंबर के बल्लेबाज मोहित अवस्थी और 11वें नंबर के बल्लेबाज सिद्धार्थ रावत ने आखिरी विकेट के लिये 92 रन की बहुमूल्य साझेदारी करके तमिलनाडु के हौसले पस्त कर दिये। अवस्थी ने 97 गेंदों पर नौ चौके और एक छक्का लगाकर 69 रन बनाये, जबकि सिद्धार्थ 31 रन बनाकर नाबाद रहे।

राजस्थान ने 287 रन बनाये

जयपुर, 4 जनवरी। करण लाम्बा की नाबाद (122)शतकीय पारी से मेजबान राजस्थान ने रणजी ट्राफी में झारखंड के विरुद्ध पहली पारी में 287 रन बना पहली पारी में बढ़त हासिल की। दिन का खेल समाप्त होने तक झारखंड ने बिना किसी नुकसान के 66 रन बना लिये हैं। झारखंड ने पहली पारी में 52 रन बनाये थे।

शकील का शतक, पटेल-सोढी ने करवाई न्यूजीलैंड की वापसी

कराची, 4 जनवरी। पाकिस्तान ने सऊद शकील (124 नाबाद) के शतक और सरफराज अहमद (78) के साथ उनकी विशाल साझेदारी की बदौलत न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन 407 रन बना लिये। पाकिस्तान हालांकि अब भी 42 रन से पीछे है और उन्होंने नौ विकेट गंवा दिये हैं।

पाकिस्तान ने दिन की शुरुआत 154/3 के स्कोर से की, जबकि अच्छी लय में दिख रहे इमाम-उल-हक अपने शतक से चूक गये। इमाम ने 165 गेंदों पर 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 83 रन बनाये। शकील और सरफराज ने इसके बाद मोर्चा संभाल लिया और पांचवें विकेट के लिये 150 रन जोड़े। सरफराज ने 109 गेंदों पर 10 चौकों के साथ 78 रन बनाये, हालांकि डैरिल मिचेल की गेंद पर टॉम ब्लंडेल की शानदार स्टंपिंग ने उन्हें इस पारी को शतक में बदलने से रोक दिया। शकील ने अपना शतक पूरा करने के बाद आगा सलमान (41) के साथ भी 53 रन जोड़े। तीसरा सत्र समाप्त होने से कुछ देर पहले तक पाकिस्तान मजबूत स्थिति में थी, लेकिन अजाज़ पटेल और ईश सोढ़ी ने सिर्फ 12 रन के अंतराल में चार विकेट लेकर न्यूजीलैंड की मैच में वापसी करवाई। पटेल ने सलमान और हसन अली को अपना शिकार बनाया, जबकि सोढ़ी ने नसीम शाह और मीर हमज़ा को आउट किया। दिन का खेल खत्म होने से पहले शकील ने 124 रन बना लिये, जबकि अबरार अहमद बिना खाते खोले उनके साथ मौजूद हैं।

भुवनेश्वर में नीदरलैंड टीम का भव्य स्वागत

भुवनेश्वर, 4 जनवरी। पुरुष हॉकी विश्व कप की तीन बार की चैंपियन नीदरलैंड पुरुष हॉकी टीम एफआईएच ओडिशा पुरुष विश्व कप 2023 के लिये बुधवार को ओडिशा पहुंची, जहां बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

नीदरलैंड 10 जनवरी को राउरकेला जाने से पहले भुवनेश्वर में अपनी अंतिम तैयारियां पूरी करेगी। राउरकेला में थिएरी ब्रिंकमैन की टीम का 14 जनवरी को मलेशिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। साल 1973, 1990 और 1998 में विश्व कप जीतने के अलावा पिछले दो संस्करणों में फाइनल तक पहुंचने वाली नीदरलैंड खेल के इतिहास में सबसे सुसज्जित टीमों में से एक है। डच टीम के कोच जेरोइन डेलमी ने भारत आने के बाद कहा, मुझे लगता है कि हमें एक बार में एक मैच पर ध्यान देना होगा और फिर हम देखेंगे कि हम टूर्नामेंट में कहां रहते हैं। हमारा पहला लक्ष्य क्वार्टर-फ़ाइनल में पहुंचना है और फिर सेमीफाइनल में पहुंचना। हम उसके बाद देखेंगे कि फाइनल में चीजें कैसी चलती हैं। निश्चित रूप से, अगर हम फाइनल में पहुंचते हैं तो हम तस्वीर बदलने और टूर्नामेंट जीतने की उम्मीद करेंगे। हालांकि इस बार हमारे पास एक पूरी तरह से अलग टीम है और आप पिछले संस्करण की टीम से मौजूदा खिलाड़ियों की तुलना नहीं कर सकते हैं।

पूल सी में नीदरलैंड्स को चिली, मलेशिया और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन मलेशिया के खिलाफ अपने मैच के बाद नीदरलैंड 16 जनवरी को राउरकेला में न्यूजीलैंड का सामना करेगा, जबकि 19 जनवरी को भुवनेश्वर में चिली के खिलाफ अपने ग्रुप स्टेज अभियान का समापन करेगा। नीदरलैंड टीम के सभी ग्रुप-स्टेज मैच भारतीय समयानुसार दोपहर तीन बजे शुरू होंगे।

डेलमी ने टूर्नामेंट में अपनी सबसी बडी चुनौती से पर्दा उठाते हुए कहा, सबसे बडी चुनौती टीम की अनुभवहीनता और शायद वे आश्चर्यजनक मोड़ होंगे जिनका हम एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 में सामना कर सकते हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि हम टूर्नामेंट में आने वाली चुनौतियों से कैसे पार पाते हैं। मुझे अपनी टीम पर पूरा भरोसा है।

टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, नीदरलैंड, भारत, अर्जेंटीना, जर्मनी, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, फ्रांस, कोरिया, मलेशिया, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका, जापान, चिली और वेल्स सहित 16 टीमें भाग ले रही हैं।

कप्तान ब्रिंकमैन ने पिछले कुछ महीनों में प्रतियोगिता के लिये टीम की तैयारियों के बारे में कहा, विश्व कप की तैयारी में पिछले कुछ महीने हमारे लिये काफी अच्छे रहे हैं। टीम टूर्नामेंट के लिये पूरी तरह से तैयार है। हम अभी भारत पहुंचे हैं और पहले मैच की तैयारी शुरू करने से पहले थोड़ा आराम करेंगे। यहां फिर से आना अद्भुत है और हम टूर्नामेंट में हॉकी प्रशंसकों के सामने खेलने के लिये उत्साहित हैं। कप्तान ने अपनी टीम के कुछ प्रभावशाली खिलाडियों के बारे में भी बात की। ब्रिंकमैन ने कहा, हमारी टीम में कई प्रमुख खिलाड़ीहैं जो टूर्नामेंट को रोशन कर सकते हैं। जोरिट क्रून, जोनास डी ग्यूस और गोलकीपर पिरमिन ब्लाक देखने लायक खिलाड़ीहैं और मैं इस दौरान प्रशंसकों का मनोरंजन करने के लिये खुद कुछ गोल करने की कोशिश करूंगा।